मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
धनबाद	29.1	16.0
जमशेदपुर	31.2	18.0
डालटनगंज	30.4	16.4

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in रांची ● शुक्रवार, 01 दिसंबर 2023 ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 4, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ~~₹ 5~~ ● वर्ष : 1, अंक : 223 आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

इंटरनेशनल

- सबसे गर्म वर्ष की राह पर 2023, होंगे दुष्परिणाम : यूएन
- तोशाखाना मामले में नवाज शरीफ का बयान दर्ज
- यूक्रेन में रूसी मिसाइलों ने इमारतों को तबाह किया
- यरुशलम में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत

नेशनल

- ज्ञानवापी रिपोर्ट : एएसआई को 10 दिन का और समय मिला
- सिलक्यारा सुरंग से निकले श्रमिक जल्द जा सकते हैं घर
- 150 प्रचंड हेलीकॉप्टर व 97 तेजस खरीद को मंजूरी
- राजकोषीय घाटा अक्टूबर में पूरे साल के लक्ष्य का 45%

स्टेट

- झारखंड में भ्रष्टाचार की 25,500 शिकायतें लंबित
- देश का 70 प्रतिशत तसर उत्पादन झारखंड में
- 4 और 5 दिसंबर को लगेगा जैक का कैंप
- दो साल में झारखंड में बिछेगा सड़कों का जाल

स्पोर्ट्स

- राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफानल में
- पंघाल-थापायुगांडा ने टी-20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया
- जू.महिला हॉकी विश्व कप में भारत ने कनाडा को हराया
- जू.विश्व चैंपियनशिप में 8 मुक्केबाजों के पदक पक्के

सुर्खियां

किसने क्या कहा

- जलवायु कार्रवाई के संबंध में भारत ने जो कहा उसे पूरा किया : **नरेंद्र मोदी**
- 2014 से पहले चेहरा देख कर बनायी जाती थीं योजनाएं : **योगी आदित्यनाथ**
- हरियाणा की सरकार चुनाव से पहले ही हार मान चुकी है : **भूपेंद्र सिंह हुड्डा**

सर्राफा

सोना (बिक्री)	59,000
चांदी (किलो)	79,000

ब्रीफ खबरें

जेएनयू के 'लोगो' में जुड़ेगा 'तमसो मा ज्योतिर्गमय'

नई दिल्ली। जेएनयू के 'लोगो' में अब इसका आदर्श वाक्य 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' जोड़ा जाएगा और इसे पेटेंट के लिए पंजीकृत किया जाएगा. जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धूलिपुडी ने बताया कि कार्यकारी परिषद की बैठक में 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' आदर्श वाक्य को शामिल करने के लिए विवि के पुराने, अपंजीकृत लोगो को संशोधित करने का निर्णय पारित हुआ. हम बदलाव नहीं कर रहे. पुराना लोगो पंजीकृत नहीं था. हम अपने आदर्श वाक्य के साथ उसी लोगो को पंजीकृत कर रहे हैं.

विधानसभा चुनाव 2023 — 5 राज्यों का एक्जिट पोल

छत्तीसगढ़ — 90 सीट (बहुमत 46)

चैनल-एजेंसी	कांग्रेस	भाजपा	अन्य
न्यूज18-मात्रिज	46	41	3
एबीपी-सी वोटर	41-53	36-48	0-4
इंडिया टीवी सीएनएक्स	46-56	30-40	00
इंडिया टुडे- माई एक्सिस	40-50	36-46	1-5
रिपब्लिक टीवी	42-53	34-45	03

राजस्थान — 200 सीट (बहुमत 101)

चैनल-एजेंसी	भाजपा	कांग्रेस	अन्य
न्यूज18-मात्रिज	111	74	14
टाइम्स नाउ-ईटीजी	108-128	56-72	13-21
TV9-पोलस्टार	100-110	90-100	5-15
इंडिया टुडे- माई एक्सिस	80-100	86-106	9-18
रिपब्लिक टीवी	100-122	62-85	14-15

मध्य प्रदेश — 230 सीट (बहुमत 116)

चैनल-एजेंसी	कांग्रेस	भाजपा	अन्य
न्यूज18-मात्रिज	116	111	3
एबीपी-सी वोटर	113-137	88-112	2-8
TV9 पोलस्टार	106-116	111-121	0-6
न्यूज 24 चाणक्या	151	74	05
इंडिया टुडे- माई एक्सिस	100-110	90-100	5-15
रिपब्लिक टीवी	118-130	97-107	0-2

तेलंगाना — 119 सीट (बहुमत 60)

चैनल/एजेंसी	बीआरएस+	भाजपा+	कांग्रेस+
एबीपी-सी वोटर	38-54	5-13	49-65
इंडिया टीवी सीएनएक्स	31-47	2-4	63-79
टीवी 9 पोलस्टार्ट	48-58	05-10	48-64
जन की बात	46-56	4-9	58-68
न्यूज 24 चाणक्या	30-33	07	65-71

मिजोरम — 40 सीट (बहुमत 21)

चैनल/एजेंसी	एमएनएफ	जेडपीएम	अन्य
एबीपी-सी वोटर	15-21	12-18	0-5
इंडिया टीवी सीएनएक्स	14-18	12-16	0
इंडिया टुडे- माई एक्सिस	14-18	10-14	0
जन की बात	10-14	15-25	

■ कांग्रेस 5-9 ■ बीजेपी 0-2

एग्जिट कौन..?

राजस्थान, एमपी में भाजपा को बढ़त, छत्तीसगढ़, तेलंगाना में कांग्रेस आगे, मिजोरम में मिजो फ्रंट की वापसी के संकेत

एजेंसियां। नई दिल्ली

5 राज्यों के विस चुनावों के लिए वोट के बाद आए ज्यादातर एग्जिट पोल में राजस्थान और एमपी में भाजपा को बढ़त मिलने का अनुमान है, वहीं तेलंगाना तथा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के आगे रहने की संभावना है. तमाम एक्जिट पोल को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बन सकती है. वहीं राजस्थान और मध्य प्रदेश में भाजपा की तरफ से कांग्रेस को कड़ी टक्कर मिल रही है. इन दोनों राज्यों में थोड़ा सा भी पलड़ा इधर से उधर हुआ, तो भाजपा या कांग्रेस में से किसी की भी सरकार बन सकती है. मिजोरम में सत्तारूढ़ दल के जीतने का अनुमान है. हालांकि कुछ चैनल वहां भी खंडित जनादेश का अनुमान लगा रहे हैं.

अब कीजिए 3 दिसंबर का इंतजार

5 राज्यों के विस चुनाव को अगले साल के लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा है. एग्जिट पोल के नतीजों में सबकुछ गोलमोल है. कुछ एक्जिट बीजेपी तो दूसरे कांग्रेस को उत्साहित करने वाले हैं. तस्वीर साफ नहीं है. अब तस्वीर 3 दिसंबर को ही साफ होगी. ऐसे में अभी इंतजार ही करना होगा. हालांकि, इसमें बीजेपी और पीएम मोदी के लिए कई संकेत हैं. एमपी और राजस्थान में बीजेपी व कांग्रेस में कांटे का मुकाबला कई मायनों में अहम है. राजस्थान में बीजेपी दोबारा काबिज होती है, तो भी अंतर बहुत ज्यादा नहीं होगा. एमपी में सस्पेंस है. इससे यह पता चलता है कि कांग्रेस उसके पीछे तेजी से आ रही है. जो जमीन उसने खोई थी वह उसे वापस हासिल कर रही है.

केंद्र की सत्ता जीते, तो पूरे देश का हेल्थ बीमा: राहुल

एजेंसी। वायनाड (केरल)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राजस्थान सरकार द्वारा गरीबों के लिए शुरू किए गए स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम की तारीफ करते हुए गुरुवार को कहा कि यदि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी अगर केंद्र की सत्ता में आई, तो पूरे देश में यह योजना लागू की जाएगी. राहुल गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के सुल्तान बथेरी में स्थित एक निजी अस्पताल के नये खंड के उद्घाटन के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही.

राहुल गांधी ने स्वास्थ्य तक पहुंच में असमानता का उल्लेख करते हुए कहा कि आर्थिक रूप से संपन्न लोग बड़े अस्पतालों में बेहतरीन इलाज करवा सकते हैं, वहीं वित्तीय संसाधनों के अभाव में लोगों को कैंसर और हृदय रोग जैसी बीमारियों से निपटने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है. उन्होंने कहा कि चिकित्सा विपदाओं के सबसे बड़े पीड़ित अक्सर गरीब लोग होते हैं. उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के पुनः मूल्यांकन की जरूरत रेखांकित की. कांग्रेस नेता ने कहा, मैं भारत में बहुत घूमता हूं और मैं देखता हूं कि चिकित्सा विपदाओं के सबसे बड़े शिकार गरीब लोग होते हैं. आपके पास पैसे हैं, तो आप अच्छे अस्पताल में इलाज करा सकते हैं. राहुल ने कहा, केंद्र सरकार को, गरीबों को बुनियादी गारंटी के तौर

सुलभ हो इलाज

- स्वास्थ्य सुविधाओं में असमानता से है बड़ी दिक्कत
- **चिकित्सा विपदाओं के सबसे बड़े शिकार हो रहे हैं गरीब**

पर सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए. उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमें स्वास्थ्य देखभाल में अपने तरीके पर पुनर्विचार करना होगा. मेरा मानना है कि सरकार को जिस एक गारंटी के बारे में सोचना चाहिए, वह वास्तव में कम मूल्य पर, विशेष रूप से गरीबों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के बारे में हो. कांग्रेस ने राजस्थान में अपनी चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की तारीफ करते हुए इसे पूरे देश के लिए 'मॉडल' बताया. पार्टी का कहना है कि इसके तहत मेडिकल कवरेज 50 लाख रुपए तक बढ़ाने से गरीबों और मध्यम वर्ग दोनों को लाभ मिलेगा.

SRISHTI HOSPITAL

WORLD AIDS DAY

(A Unit of Anju Health and Social Services Pvt. Ltd.)

FACILITIES AVAILABLE

- Laboratory
- Digital X-Ray
- OT with C-Arm IITV
- Accidental Services
- 24 Hrs Emergency Services
- Physiotherapy
- Pharmacy
- Ultrasound
- Colour Doppler
- Echo Cardiography
- ECG
- Colposcopy
- Sonomammography
- Dialysis
- ICU
- C. T. Scan
- Pathology
- Modular O. T.
- Ambulance 24 Hours Service
- Cafeteria

Dr. Sudhakar Deo
(Senior Orthopaedic Surgeon)

SPECIALITY AVAILABLE

- Orthopaedics
- General Medicine
- Cardiology
- Obs & Gynecology
- General/Laproscopic Surgery
- Paediatrics
- Urology
- Plastic Surgery
- Psychiatrist
- Consultant Physician
- Pulmonology
- Diabetology
- Dermatology
- Neurology

24/7 Emergency Services

All Major TPA & Insurance

Main Road Hinoo, Ranchi, Jharkhand 834002 Mob : 9709709007

खबर का असर: एफसीआईएल सिंदरी अस्पताल का रंगरोगन 10 दिसंबर से

ओपीडी और ट्रामा सेंटर से शुरुआत लायंस क्लब करेगा

संवाददाता। सिंदरी

लगातार न्यूज द्वारा बीते 27 सितंबर को 'एफसीआईएल अस्पताल सिंदरी का संचालन लायंस क्लब कर सकता है' शीर्षक से समाचार छपने का असर गुरुवार को दिखाई दिया. एफसीआईएल प्रबंधन ने इस पर अपनी मुहर लगा दी है और टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से 20 वर्षों से बंद अस्पताल को चालू करने के लिए लायंस क्लब को दे दिया जाएगा. इसके प्रथम चरण में ओपीडी और ट्रामा सेंटर खुलने की आश जगी है. इससे लगभग दो लाख आबादी में रहनेवाले लोगों को सीधा फायदा मिलेगा. उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार आगामी 10 दिसंबर से वर्ष 2003 से बंद पड़े एफसीआईएल सिंदरी

अस्पताल के रंगरोगन का काम भी शुरू हो सकता है.

15 अगस्त को की गई थी घोषणा: इसे लेकर एफसीआईएल सिंदरी प्रबंधन ने विगत 19 नवंबर को टेंडर प्रक्रिया जारी की थी और इस प्रक्रिया में सिर्फ लायंस क्लब इंटरनेशनल ने टेंडर में हाथ आजमाया था. एफसीआइएल ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत ने बीते 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह में एलएचएसएच पद्धति के तहत दूसरा कदम स्वास्थ्य सुविधा आगामी 15 अगस्त 2024 या उससे पहले धरातल पर दिखने की घोषणा की थी. उच्च पदस्थ सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संबंध में अस्पताल के संचालन के लिए एफसीआईएल प्रबंधन और लायंस क्लब सिन्दरी के बीच सहमति बन गई है. इस बाबत दोनों पक्षों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया भी जल्द पूरी कर ली जाएगी. सहमति पत्र के अनुसार एफसीआईएल सिंदरी अस्पताल लायंस क्लब सिन्दरी को लंबी अवधि की लीज पर दिया जाएगा. इसे लायंस क्लब इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के तहत लायंस क्लब की सेवाओं और अन्य चिकित्सकों की मदद से शुरू करने की प्रक्रिया पर विचार कर रहा है.

टेंडर में हिस्सा लिया था : लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया में उन्होंने हिस्सा लिया था. शायद सिंगल टेंडर होने के नाते इसे अंतिम रुपरेखा के लिए दिल्ली भेजा गया है. लायंस क्लब अपने बेहतरीन स्तर की चिकित्सा के लिए विख्यात है और इसे इस अस्पताल में भी जारी रखेगा. इसके लिए देश भर के चिकित्सकों की टीम लाई जाएगी और सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा. एफसीआईएल अधिकारी ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और इसमें सिंगल टेंडर डाला गया था.

खास बातें

- पिछले 20 वर्षों से बंद आस्पताल खुलेगा
- प्रबंधन और लायंस क्लब के बीच सहमति बन गई है

अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि का जन्म हुआ था

बताते चलें कि इसी अस्पताल में मशहूर सिने अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि का भी जन्म हुआ था और इसके बंद हो जाने के बाद से लगातार इसे खुलने की कोशिश सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो और जिला प्रशासन की ओर से लगातार की जा रही थी. देश की पहली स्वास्थ्य मंत्री राजकुमारी अमृत कौर ने एफसीआईएल के कर्मियों के लिए 205 बेड के अस्पताल का शिलान्यास 8 जनवरी 1953 को किया था.

आओ जानें

विश्रामपुर से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

वर्ष	पार्टी	विधायक
2000	कांग्रेस	चंद्रशेखर दुबे
2005	राजद	रामचंद्र चंद्रवंशी
2009	कांग्रेस	चंद्रशेखर दुबे
2014	भाजपा	रामचंद्र चंद्रवंशी
2019	भाजपा	रामचंद्र चंद्रवंशी

ब्रीफ खबरें

विश्व एड्स दिवस पर वॉकथॉन का आयोजन

धनबाद। विश्व एड्स दिवस पर शुक्रवार 1 दिसंबर को वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा. रोटरी क्लब द्वारा यह आयोजन डीआरएम मोड़ स्थित अंबेडकर चौक से कोर्ट मोड़ रणधीर वर्मा चौक तक होगा. इसका उद्देश्य एचआईवी एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करना और उन्हें इस खतरनाक बीमारी से बचाना है. यह जानकारी टीम रोटरी के परियोजना अध्यक्ष डॉ ऋषभ राणा ने दी. डॉ राणा के अनुसार विश्व एड्स दिवस 2023 का थीम "समुदायों को नेतृत्व करने दें" रखा गया है. इसी थीम पर इसबार

ग्रामीणों ने कंपनी का काम बाधित किया

तेतुलामारी। चदौर पहाड़ी के ग्रामीणों ने पीट वाटर व विस्थापित करने की मांग को लेकर गुरुवार बीसीसीएल एरिया पांच अंतर्गत संचालित चेन्नई राधा आउटसोर्सिंग कंपनी का कार्य घंटों बाधित कर दिया. परियोजना का कार्य घंटों ठप रहने की खबर पाकर कंपनी अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की. आधिकारियों ने ग्रामीणों को जल्द पीट वाटर व विस्थापन की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया.जिसके बाद कंपनी का कार्य शुचारु हो सका. ग्रामीणों ने बताया कि लगभग तीन माह से आउटसोर्सिंग कंपनी हमारे गांव के बगल में संचालित है.

आउटसोर्सिंग का डंपिंग कार्य किया ठप

झरिया। झरिया थाना क्षेत्र के कुजामा में एटी देव प्रभा आउटसोर्सिंग के ओबी डंपिंग कार्य को वेतन न मिलने से नाराज होकर आउटसोर्सिंग कर्मी ने ठप कर दिया है. एटी देव प्रभा आउटसोर्सिंग कर्मी बिट्टू मंडल का कहना है कि पिछले 3 महीने से कंपनी द्वारा उसे वेतन नहीं दिया जा रहा है. वेतन मांगने पर आजकल टाल-मटोल किया जा रहा है. बताया गया कि कर्मी बिट्टू के एक परिजन दिवंगत हो गए हैं, जिसके श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए बिट्टू मंडल को आसनसोल जाना है.

कथा सुनने से सारे पाप धुल जाते हैं : आचार्य

पुटकी। पुटकी बाजार दुर्गा मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमदभागवत कथा के तीसरे दिन गुरुवार को कथावाचक आचार्य सुरेंद्र हरिदास जी ने श्रद्धालुओं को भागवत का महत्व समझाया. कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से व्यक्ति के सारे पाप धुल जाते हैं. यही नहीं मनुष्य के सभी रोग भी दूर हो जाते हैं और वह सुख भोगता है. जिस भाव से कथा को सुना है वह पूर्ण होता है. इसलिए हमेशा शुद्ध मन से भागवत कथा सुननी चाहिए. मन में भगवान के प्रति दृढ़ विश्वास रखें, मीरा और प्रह्लाद की तरह पूजें, जीवन सफल हो जाएगा.

समस्या सुलझाने के लिए बैठक का आयोजन

धनबाद। धनबाद रेल मंडल में काम करनेवाले लगभग 26 हजार रेलकर्मियों और उनके परिवार को एक-दो नहीं बल्कि कई समस्याएं हैं. जिसका समाधान कराने के लिए ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों और मंडल रेल प्रबंधक केके सिन्हा समेत अन्य अधिकारियों के साथ स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक हुई. मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में आयोजित इस बैठक का संचालन वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजीत कुमार और सहयोग मंडल कार्मिक अधिकारी आरआर लकड़ा ने किया.

चंद्रशेखर आजाद चौक से कार्मेल स्कूल मोड़ तक चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

पॉलिटेक्निक रोड में 12 अवैध दुकानें ध्वस्त, दो को नोटिस

संवाददाता। धनबाद

धनबाद नगर निगम की टीम ने गुरुवार को पॉलिटेक्निक रोड में चंद्रशेखर आजाद चौक से कार्मेल स्कूल मोड़ तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. इस दौरान सड़क का अतिक्रमण कर बनीं 12 स्थाई दुकानों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया. टीम ने झारूडीह में बगैर नक्शा के हो बन रहे भवन का निर्माण कार्य रोक दिया और सड़क पर जमा गिट्टी, बालू, ईंट को जल्द हटाने की चेतावनी दी. साथ ही एक अपार्टमेंट के निर्माणकर्ता को भी नोटिस दिया गया है.

निगम को शिकायत मिली थी : अभियान का नेतृत्व कर रहीं सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू ने बताया कि सड़क पर अतिक्रमण और बिना नक्शा के बन रहे भवन की शिकायत निगम को मिली थी. इसी के आधार पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है. सड़क किनारे फल, सब्जी, अंडा, मुर्गा आदि की दुकानें लगी थीं. साथ 5 गुमटियां भी खड़ी की गई थी. सभी को हटा दिया गया है. वहीं, झारूडीह में एक अपार्टमेंट में गड़बड़ी की शिकायत मिली है. दोनों भवनों के निर्माणकर्ता को नोटिस भेजकर कागजात के साथ निगम बुलाया गया है. कागजात सही नहीं मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. अभियान में जेई महेश भगत, सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार, सुपरवाइजर चिंटू कुमार आदि शामिल थे.

पॉलिटेक्निक रोड से अतिक्रमण हटाती नगर निगम की टीम.

स्टेशन रोड पर कचरे का अंबार, रोजाना लगता है सब्जी बाजार

धनबाद। धनबाद स्टेशन को 400 करोड़ खर्च कर विश्व स्तरीय बनाने की तैयारी चल रही है और वहीं दूसरी ओर स्टेशन के दक्षिण छोर भवन के सामने स्टेशन रोड पर कचरे का अंबार लगा हुआ है. रेलवे क्षेत्र होने के कारण निगम की ओर से कचरे का उठाव नहीं होता है. क्योंकि रेलवे के पास सफाई विभाग की पूरी की टीम है, जो कचरे का उठाव लेकर साफ-सफाई करती है. कचरे की अंबार की वजह से राहगीरों और रेल यात्रियों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है. कचरे की अंबार से काफी दुर्गंध आने की वजह लोगों का काफी दिक्कत होती है. फिर भी रेलवे के अधिकारी कोई सुध नहीं लेते हैं. हालांकि कभी कभार डीआरएम केके सिन्हा से लेकर कई वरीय अधिकारी स्टेशन परिसर का निरीक्षण करते हैं, लेकिन न तो कभी कचरा उठा और ना ही सब्जी बाजार को खाली कराया गया.

अतिक्रमण की वजह से होती है परेशानी

लोगों का कहना है कि स्टेशन रोड के दोनों छोर में एक-दो नहीं बल्कि दर्जनों दुकानें लगती है. अतिक्रमणकारियों की वजह से सालों भर लोगों को परेशानी होती है. स्टेशन जाने और स्टेशन से आनेवाले यात्रियों को सुबह से रात कर परेशानी होती है, लेकिन आरपीएफ-जीआरपी यहां अतिक्रमण हटाओ अभियान नहीं चलाते हैं. बरसात के मौसम काफी अधिक परेशानी होती है. जहां-तहां पानी का जमाव हो जाता है. आरपीएफ के पदाधिकारी कहते हैं कि सब्जी बाजार कई बार हटाया गया, लेकिन बाद में वे लगा लेते हैं.

राजगंज में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

राजगंज। बाघमारा प्रखंड के राजगंज महेशपुर पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार के आपके द्वार के तहत गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया. बाघमारा अंचलाधिकारी रवि भूषण सिंह, जिला परिषद सदस्य वानी देवी मुखिया मनोज महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शिविर का उद्घाटन किया. कार्यक्रम के दौरान अंचलाधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी. शिविर में अबुबा आवास, सिचाई कुप , एजुकेशन ऋण ,वृद्धा पेंशन सहित अन्य योजनाओं कई स्टॉल लगाए गए थे. हजारों की संख्या मे ग्रामीण उपस्थित होकर अपनी अपनी समस्या का आवेदन किया, साथ ही कई योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिला.

शिविर में 1027 आवेदन दिए गए

मैथन। एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के डुमरकुंडा दक्षिण पंचायत भवन में गुरुवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में ग्रामीणों की भारी भीड़ देखी गई. शिविर में 1027 विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए और 610 आवेदनों का निष्पादन किया गया. शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, कार्यपालक दंडाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार शुक्ला, बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार, डूमरकुंडा दक्षिण पंचायत की मुखिया संगीता पासवान, प्रमोद कुमार झा, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार की उन सभी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को सीधे मिल सके.

ब्रीफ खबर

भाजपा ने पंचायत समिति सदस्यों को दिया प्रशिक्षण

धनबाद। भारतीय जनता पार्टी महानगर एवं ग्रामीण जिला की ओर से पंचायत समिति सदस्यों का एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ज़िला कार्यालय में किया गया. शिविर का उद्घाटन पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वदेश सिंह ने किया. उद्घाटन सत्र को निरसा विधायक अर्पण सेनगुप्ता जबकि समापन सत्र को सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने संबोधित किया. सांसद ने कहा कि हेमंत सरकार लुटेरी सरकार है. वह अपनी अंतिम सांसें गिन रही है. उसे हटाने के लिए उन्होंने सभी समिति सदस्यों का आह्वान किया. सत्र को महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, ग्रामीण जिलाध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा एवं अन्य ने संबोधित किया. कार्यक्रम में मधुरेंद्र गोस्वामी, सत्येंद्र कुमार, अविनेश पाठक, पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल मौजूद थे.

166 टीबी मरीजों को दिया गया पोषण किट

धनबाद। सदर अस्पताल में गुरुवार को मरीजों के बीच बीसीसीएल से मिले 166 पोषण किट का वितरण किया गया. सभी टीबी के मरीज सदर क्षेत्र से पहुंचे थे. बताते चलें कि बीसीसीएल पोषण मित्र बनकर टीबी मरीजों को हर बार पोषण किट का वितरण करता रहा है. इस बार भी पोषण किट दिया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ चंद्रभाणु प्रतापन के साथ जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार, जिला फॉइलेरिया पदाधिकारी डॉ. मंजु, वरीय चिकित्सा प्रवेक्षक कौशलेंद्र कुमार सिंह, वरीय प्रयोगशाला प्रवेक्षक ओमप्रकाश पासवान, जिला कार्यक्रम समन्वयक जावेद अंसारी, एसटीएस उमेश चौधरी, संजय जायसवाल, वैकुंठ प्रसाद, सिस्टर मेरी, समाजसेवी कुमार मधुरेंद्र सिंह, मीना देवी, अनिता टुडू मौजूद थे.

बड्स गार्डन स्कूल की टीम सेमीफाइनल में

धनबाद। धनबाद पब्लिक स्कूल, हीरक ब्रांच, धनबाद में खेली जा रही सहोदया वॉलीबॉल नॉकआउट प्रतियोगिता 2023 के बालक और बालिका वर्ग में बड्स गार्डेन स्कूल की टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश कर गई. 30 नवंबर को हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बड्स गार्डेन स्कूल की बालिका वर्ग की टीम ने धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच को 2-0 से, बालक वर्ग की टीम ने डीएवी स्कूल, सिंदरी को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली अन्य टीमों में डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई, डिगवाडीह ने जीजीपीएस धनबाद को, सरस्वती विद्या मंदिर, श्यामडीह ने मोंटफोर्ट स्कूल, तोपचांची को एवं डीएवी स्कूल, बनियाहीर, लोदना ने किड्स गार्डन स्कूल, झरिया को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई.

महाधरना के लिए चिकित्सा संघ ने की बैठक

धनबाद। अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का रांची में मुख्यमंत्री के समक्ष आगामी 04 दिसंबर को महाधारना कार्यक्रम आयोजित किया जाना है. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चिकित्सा संघ के महामंत्री तथा आंदोलन के संघर्ष समिति के राज्याध्यक्ष द्वारा संघ के पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को बाघमारा प्रखंड का दौरा किया गया. प्रखंड के स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य समस्त विभागों के कर्मियों ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए आगामी धरना को सफल बनाने का संकल्प लिया. इस संबद्ध में प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन करते हुए आगामी महाधरना को सफल बनाने तथा बाघमारा प्रखंड की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तय की गई.

बिरहोर परिवारों के बीच कंबल का वितरण

तोपचांची । गुरुवार को तोपचांची प्रखंड के दुमदुमी पंचायत अन्तर्गत चलकरी गांव में बिरहोर लोगों के बीच बढ़ती ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया. दर्जनों लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया. मौके पर तोपचांची अंचलाधिकारी संजय कुमार सिंह, तोपचांची बीडीओ फणीश्वर रजवार, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, पंचायत समिति सदस्य सरीता देवी, महेन्द्र प्रसाद, दयानंद प्रमाणिक, महावीर महतो समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

368 युवाओं को मिला रोजगार

संवाददाता। धनबाद

अवर प्रादिशक नियोजनोलय में गुरूवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया. धनबाद, रांची सहित देश के अलग अलग शहरों की कुल 29 कंपनियों ने मेले में भाग लिया. मेले में 1500 युवाओं ने भाग लिया, जिसमें 368 को शॉटलिस्ट किया गया. इसके पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने मेले का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के आदेश पर बेरोजगारी कम करने के लिए युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है. मैटिक, स्नातक से उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं के लिए अलग अलग कैटगरी के जॉब उपलब्ध कराया जा रहा है.इसे लेकर युवाओं में भी उत्साह देखने को मिल रहा है. एसडीएम ने अलग अलग

स्टॉल का निरीक्षण भी किया, कंपनी के प्रतिनिधियों से न्युक्ति के नियम एवं शर्तो की जानकारी ली. उन्होंने 8 युवाओं को न्युक्ति पत्र भी प्रदान किया. उन्होंने बताया कि 15 हजार से लेकर 30 से 40 हजार वेतन तक की मेले में नौकरियां मौजूद है. कंपनियों को कहना है कि योग्यता, अनुभव के अलावा नये युवाओं को भी अवसर दिया जा रहा हैं. ज्ञात को कि मेले 4990 अलग अलग कैटगरी के जॉब उपलब्ध कराये गये थे. लेकिन कम पैसे और छोटी छोटी कंपनियों में युवाओं की रूचि नहीं दिखी. पिछले बार की तुलना में मेले युवाओं की संख्या भी काफी कम दिखी.

आयोजन को सफल बनाने में श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार, नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार, आईटिआई की ट्रनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी कंचनमाला किस्कू, प्रधान लिपिक जय प्रकाश गुप्ता, सुरज कुमार आदि ने सराहनीय योगदान दिया.

सरकार के 14 करोड़ रुपये खर्च के बाद भी पारजोरिया

संवाददाता। महुदा

पाथरगडीया ग्रामीण जलापूर्ति योजना से नियमित जलापूर्ति की मांग को लेकर गुरूवार को पारजोरिया के महिलाओं ने पीएचईडी विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया. इस दौरान महिलाओं ने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. वहीं आक्रोशित महिलाओं ने जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी.महिलाओं ने कहा कि जब से जलापूर्ति योजना की पाइप लाइन बिछाई है, एक बार भी नियमित रूप पानी नहीं मिला है. कई बार इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से की गई है. बावजूद समस्या के समाधान की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है. सरकार की ओर से जलापूर्ति योजना में करोड़ों रुपए खर्च की गई है. लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण आज भी गांव के लोग पानी की समस्या से परेशान हैं. महिलाओं ने कहा कि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो हम महिलाएं सड़क पर उतरकर अंदोलन करेंगे. इधर मामले को लेकर पीएचईडी विभाग के कनीय अभियंता मोहन मंडल से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि कुछ ग्रामीणों द्वारा पाइपलाइन में बिछाने में बाधा पहुंचाई जा रही है. बातचीत चल रही है. जल्द ही समास्या का समाधान होगा. मालूम हो कि पाथरगडीया जलापूर्ति योजना लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया था.

योजना से नियमित लाभ नहीं

एसएनएमएमसीएच एमरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधा, प्रबंधन ने की तैयारी

हर माह हो रही समीक्षा बैठक का दिखने लगा है नतीजा

संवाददाता। धनबाद

एसएनएमएमसीएच की रूप रेखा बदलने वाली है. मरीजों को बेहतर सुविधा मिले, इसके लिए प्रबंधन तैयारियों में जुट गया है. एसएनएमएमसीएच प्रबंधन ने अस्पताल में मरीजों को कतार में घंटों इंतजार नहीं करना पड़े इसका इंतजाम करने की कवायद में जुट गई है. अस्पताल प्रबंधन रजिस्ट्रेशन के लिए लगने वाली लंबी कतार से निबटने के लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर में कंप्यूटर की संख्या बढ़ाकर रजिस्ट्रेशन में तेजी लाने के उपाय पर गंभीरता से विचार कर रहा है. संबंधित एजेंसी को रजिस्ट्रेशन काउंटर पर कंप्यूटर की संख्या के साथ मैनपावर बढ़ाने को कहा गया है.

अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि रूप रेखा बदलने पर मंथन किया जा रहा है. जल्द ही मरीजों को इसका लाभ मिलेगा. बताते चलें कि समीक्षा बैठक के दौरान धनबाद उपायुक्त ने अस्पताल में कतार कम कर मरीजों को राहत देने का निर्देश दिया था. जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन योजना को अमलीजामा पहनाने में जुटा हुआ है.

हर दिन अलग- अलग रंग की मिलेगी बेडशीट : एसएनएमएमसीएच में हर दिन मरीजों को अलग-अलग रंग की बेडशीट मिलेगी. अस्पताल में जल्द ही यह व्यवस्था शुरू होगी. मरीजों को लाल, हरा, सफेद, पीला, नीला, आसमानी रंग की बेडशीट दिन के हिसाब से दिए जाएंगे.

सामान्य और गंभीर मरीजों के लिए होगा कलर कोड

एसएनएमएमसीएच के इमरजेंसी में भर्ती मरीजों के लिए कलर कोड इस्तमाल होगा. गुरुवार से प्रबंधन ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है. इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों की जानकारी व उनकी स्थिति के बारे में बोर्ड पर नाम अंकित किया जाएगा. गंभीर और सामान्य मरीज के नाम के पास नीला चिह्न लगाया जा रहा है. अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि बोर्ड में मरीज का नाम, बीमारी, उम्र, बेड नंबर अंकित किए जा रहे हैं.

जांच की व्यवस्था में भी होगा बदलाव

पैथोलॉजी लैब के कर्मचारियों के साथ बैठक कर जांच कराने में मरीजों को सहूलियत हो और समय भी कम लगे ऐसी व्यवस्था करने पर प्रबंधन मंथन कर रहा है. इसके लिए ओपीडी में अलग से लैब का कलेक्शन काउंटर शुरू होगा.

रोज करीब डेढ़ हजार के करीब आते हैं मरीज

मालूम हो कि अस्पताल के ओपीडी में रोज औसतन डेढ़ हजार मरीज इलाज के लिए आते हैं. यह मरीज ओपीडी के अलग-अलग विभागों में इलाज के लिए आते हैं. अक्सर लिंक फेल और लिंक स्लो रहने की समस्या भी होती है.

ब्रीफ खबरें

सेवानिवृत कर्मचारियों को दी गई विदाई

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट से नवंबर 2023 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए गुरुवार को मानव संसाधन विकास विभाग के मुख्य ऑडिटोरियम में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रँगानी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (सीएंडआईटी) ए बंकिरा शामिल थे. इस दौरान सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक) डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने आगंतुकों का स्वागत किया.

अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाएं : डीसी

बोकारो। बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक की. उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को अवैध खनन व परिवहन करने वालों के खिलाफ सघन अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया. कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, एसडीओ, एसडीपीओ समन्वय बनाकर अवैध खनन पर रोक लगाएं और दोषियों पर कठोर कार्रवाई करें.

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता

डुमरी (गिरिडीह)। डुमरी मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में ग्रुप बी का मैच गुरूवार को चैनपुर पंचायत के कसमाकुरहा फुटबॉल मैदान में आयोजित किया गया. प्रतियोगिता में 12 पंचायतों क्रमशः अतकी, छछन्दो, चैनपुर, चेगरो, कल्हाबार, चीनो, कुलगो उत्तरी, कुलगो दक्षिणी, अमरा, डुमरी, भरखर एवं टेंगरानखुर्द पंचायत की टीमें शामिल हुई. प्रतियोगिता का उद्घाटन मुखिया संघ के अध्यक्ष जगदीश महतो द्वारा किया गया. उद्घाटन मैच छछन्दो एवं कुलगो दक्षिणी के बीच खेला गया .

झारखंडियों के लिए नीति नहीं बनाई गई

बोकारो थर्मल। आज नहीं जागे तो सब कुछ लूट जायेगा. झारखंड मुश्किल दौर से गुजर रहा है. दो दशक बाद भी झारखंडियों के लिए नीति नहीं बनायी गयी है. नियोजन नीति भी अब तक नहीं बन सकी है. झारखंड की जमीन को बाहरी लोग लूट रहे हैं. ये बातें गुरूवार को नावाडीह के ऊपरघाट स्थित गोनियाटो फुटबॉल मैदान में आयोजित बदलाव संकल्प सभा को संबोधित करते हुए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय सदस्य संजय मेहता ने कहीं. संजय मेहता ने कहा कि 60-40, नियोजन नीति झारखंडियों के जनमानस के खिलाफ है.

नए प्रधानाध्यापक का संघ ने किया स्वागत

बोकरो। बोकारो जिले के चास स्थित रामरुद्र सीएम स्कूल ऑफ एक्सेलेंस में नए प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाए जाने पर डॉ संतोष कुमार का झारखण्ड प्लस टू शिक्षक संघ, बोकारो की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने उन्हें बेहतर कार्यकाल के लिए शुभकामना दी. सचिव डॉ. अवनीश कुमार झा ने उन्हें कुशल प्रशासक बताते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामना दी. इस दौरान झारखण्ड प्लस टू शिक्षक संघ बोकारो के उपाध्यक्ष श्रुति साह, संरक्षक डॉ अजय कुमार पाठक, संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार, प्रमंडलीय प्रभारी मृत्युंजय कुमार उपस्थित थे.

सफाई को लेकर बच्चों के साथ निकली रैली

तिसरी (गिरिडीह)। सवेरा फाउंडेशन एवं टीडीएच के द्वारा गिरिडीह जिले के तीसरी प्रखंड में ग्लोबल एक्शन मंथ का समापन समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर युवाओं ने प्रखण्ड परिसर कि साफ सफाई किए एवं रैली निकाले. मौके पर उपस्थित सवेरा फाउंडेशन के परियोजना समन्वयक श्रीतमा पाल ने कहा कि आज जिस तरह से पर्यावरण प्रदूषण बढ रहा है ऐसे में अगर इसके रोकथाम के लिए पहल न किया जाए तो पुरे विश्व खतरे में पड सकता है. इसलिए युवाओं को आगे आकर अपने स्तर से पहल करने कि जरूरत है.

सिंहपुर पंचायत का मामला, आरोपी कर्मचारी ने विधायक से मांगी माफी

राजस्व कर्मचारी ने घूस मांगी तो धरने पर बैठा पीड़ित

संवाददाता। बोकारो

कसमार अंचल कार्यालय के राजस्व उप निरीक्षक सुभाष चंद्र कुमार को एक गरीब से घूस मांगना महंगा पड़ा. सिंहपुर पंचायत के गोरियाकुदर निवासी महेश महतो गुरुवार को कसमार प्रखंड के सिंहपुर में आयोजित प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम में अपनी बेटी व नाती के साथ जब अचानक धरने पर बैठ गए, तो वहां मौजूद गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो व अधिकारियों की नजर पीड़ित परिवार पर पड़ी. धरने पर बैठे सभी सदस्य हाथों में 'हमें न्याय चाहिए', 'घूसखोर राजस्व कर्मचारी को बर्खास्त करो' लिखी तख्तियां लिए हुए थे. जानकारी मिलते ही विधायक डॉ. लंबोदर महतो, जिला नोडल पदाधिकारी मनीषा वत्स व अन्य अधिकारी परिजनां के पास पहुंचे और मामले की पूरी जानकारी ली.

खास बातें

- उपनिरीक्षक को विधायक ने जमकर लगाई फटकार
- एक सप्ताह के अंदर अन्यत्र हटाए जाने का निर्देश
- अंचल कार्यालय में आवेदन देकर अनुमति पत्र मांगा था

राजस्व कर्मचारी सुभाष कुमार महतो ने 14 हजार रुपये की मांग की

पीड़ित महेश महतो ने बताया कि उनका कोई पुत्र नहीं है. वह अपनी एकलौती पुत्री रीता कुमारी, जिसकी शादी कुछ वर्षों पहले बंगाल के बोकोद के निकट हो चुकी है, को अपने हिस्से की कुछ जमीन रजिस्ट्री कराना चाहते हैं. इसके लिए उन्होंने अंचल कार्यालय में आवेदन देकर अनुमति पत्र मांगा था. राजस्व कर्मचारी सुभाष कुमार महतो ने इसके लिए 14 हजार रुपए की मांग की. उन्होंने उसे दो हजार रुपए दे दिए. बाकी 12 हजार रुपए नहीं देने की वहज से उन्हें अभी तक अनुमति पत्र नहीं मिला है.वह पिछले एक साल से अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं. जब भी कार्यालय जाते हैं, तो राजस्व कर्मचारी सीधे पैसों की मांग करते हैं. यह सुन विधायक डॉ. लंबोदर ने राजस्व उपनिरीक्षक सुभाषचंद्र को बुलाया और जमकर फटकार लगाई. कहा कि घूस में लिए गए पैसे तुरंत वापस करो और महेश महतो को एक सप्ताह के अंदर अनुमति पत्र निर्गत करो. विधायक ने मौके पर मौजूद नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आरोपी राजस्व उपनिरीक्षक को एक सप्ताह के अंदर यहां से हटाएं. आरोपी राजस्व कर्मचारी ने विधायक व अधिकारियों से हाथ जोड़कर माफी मांगी.

आओ जानें

झारखंड : एक नजर

- दाग प्रणाली किस शासक ने शुरू किया था – अलाउद्दीन खिलजी
- पवन की गति को नापने वाले उपकरण का नाम – एनीमोमीटर
- झारखंड में सर्वाधिक महिला साक्षरता वाला जिला – रांची
- इलाहाबाद का किला किसने बनवाया था – अकबर
- गुरु ग्रंथ साहिब में कुल कितने संत कवियों के पद हैं – 17
- कंप्यूटर में आईसी चिप्स का निर्माण किससे होता है – सिलिकान
- आम का वैज्ञानिक नाम क्या है – मैग्नीफेरा इंडिका
- पूर्व का वेनिस किस शहर को कहा जाता है – कोच्चि
- खाद्य एवं कृषि संगठन का मुख्यलाय कहां है – रोम
- भारत में रुपकुंड झील कहां है – उत्तराखंड

डिग्री कॉलेज गोमिया में ओपेन यूनिवर्सिटी शाखा की मांग

संवाददाता। बेरमो

झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी की शाखा खोलने की मांग की जाती है. इस बारे में समुचित कार्रवाई की जाए.

गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो गुरुवार को झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी रांची के प्रति कुलपति डॉ. टीएन साहू से रांची स्थित कार्यालय में मिले. उन्होंने कुलपति को एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में कहा है कि गोमिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजकीय डिग्री कॉलेज गोमिया में स्थापित है. इस कॉलेज में झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी की शाखा खोलने की आवश्यकता है, ताकि इस क्षेत्र के ग्रामीण, निर्धन व असहाय छात्र-छात्राओं को ओपन यूनिवर्सिटी के माध्यम से पढ़ाई करने का मौका मिल सकेगा. उक्त कॉलेज में

माइंस सेफ्टी कमेटी की बैठक, यूनियनों ने सुरक्षा पर उठाए सवाल

कर्मचारी खदानों में सुरक्षा नियमों का पालन करें : जीएम

संवाददाता। बेरमो

सीसीएल के ढोरी स्थित चपरी गेस्ट हाउस में गुरुवार को द्विपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक हुई. जीएम एमके अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में यूनियन नेताओं ने खदानों में सुरक्षा पर सवाल उठाए. जीएम ने कहा कि सीसीएल अपने कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सतत उत्पादन करने के लिए प्रतिबद्ध है. खदानों में सुरक्षा से संबंधित नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है. इसमें डीजीएमएस के निर्देशों का पूरा पालन हो रहा है. कार्य के दौरान सभी अधिकारी और कर्मचारी सुरक्षित कार्यशैली अपनाएं.

खदानों में प्रॉपर बेंच की कमी : बैठक में उपस्थित यूनियन के सदस्यों ने कहा कि हेलमेट के बिना ही मजदूर खदानों में काम कर रहे हैं. खदानों में प्रॉपर बेंच की कमी से कामगार खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं. पर्याप्त लाइट की सुविधा तक नहीं है. शौचालय और पेयजल की भी व्यवस्था नहीं है. समुचित सुरक्षा नहीं होने से कोयला चोरों का आतंक रहता है. प्रबंधन माइनिंग स्टाफ की कमी को जल्द पूरा करे. अंडर ग्राउंड खदानों में सुरक्षा साम्रगी उपलब्ध कराएं. कार्यक्रम का संचालन एरिया सेफ्टी ऑफ़िसर गोपाल सिंह मीणा ने किया. मौके पर एसओपी प्रतुल कुमार, पीओ केआर सत्यार्थी, शैलेश प्रसाद, रंजीत कुमार, एसओ इएंडएम जयशंकर प्रसाद, एसओ एक्सयू के पासवान, एसओसी सीएमओ डॉक्टर एएफएम उज्जवल कुमार, अरविंद कुमार, राजीव रंजन, यूनियन प्रतिनिधियों में धीरज पांडेय, पवन सिंह, बिगन सोनी, राजू भूखिया, महारुद्र सिंह, हीरालाल रविदास, बैजनाथ महतो आदि उपस्थित थे.

नए जीएम का हुआ जोरदार सवागत.

सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के नए महाप्रबंधक ने पदभार ग्रहण किया

बेरमो। सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के नए महाप्रबंधक रामाकृष्णा ने गुरुवार को क्षेत्रीय कार्यालय में पदभार ग्रहण किया. निवर्तमान महाप्रबंधक एमके राव ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया. इसके बाद उन्हें चार्ज सौंपा. नए महाप्रबंधक के रामाकृष्णा ने कहा कि टीम वर्क के तहत क्षेत्र के मजदूरों, अधिकारियों, श्रमिक प्रतिनिधियों एवं विस्थापितों को एक साथ लेकर बेहतर उत्पादन एवं डिस्पैच कार्य करना प्राथमिकता होगी. बीएंडके क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए सभी के साथ मिलकर प्रयास किया जाएगा.इस अवसर पर पीओ मनोज कुमार सिंह, कन्हैया शंकर ग्रेवाल व अरविंद शर्मा, एसओएम केडी प्रसाद, एसओईएंडएम जी मोहंती, एसओपी राजीव कुमार, एसओ पीएंडपी शंभू नाथ झा, एसओसी सतीश सिंहा, एएफएम जी चौबे, एसओ भू राजस्व पदाधिकारी बीके ठाकुर, एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुमार सौरभ सिंह, कार्मिक प्रबंधक पीएन सिंह आदि उपस्थित थे.

बिरहोरों के बीच कंबल बांटे

गोमो। तोपचांची प्रखंड के चलकारी गांव में रह रहे हैं आदिम जन जाति बिरहोर परिवारों के बीच गुरुवार को तोपचांची सीओ संजय कुमार सिंह,बीडीओ फणी श्वर राजवर ने बढ़ती ठंढ को लेकर कम्बल का वितरण किया. पूर्व प्रमुख सह पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, प्रधान लिपिक महेंद्र प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि दयानंद प्रमाणिक, पंचायत सेवक ,महेंद्र महतो मौके पर उपस्थित थे.

मधुबन पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

लाभुकों को दी गई सरकार के योजनाओं की जानकारी

संवाददाता। मधुबन

गुरुवार को मधुबन पंचायत सचिवालय मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थिति बाघमारा बीडीओ सुषमा आनंद, जिला योजना पदाधिकारी मनोज कुमार, डीप्टी क्लेक्टर मुरारी नायक,प्रखंड प्रमुख गीता देवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया. वहीं अधिकारियों ने लोगों को योजना की जानकारी विस्तार से दी. कार्यक्रम में वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन,प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य योजनाओं को लेकर लाभुकों ने आवेदन जमा किया. वहीं लाभुकों के बीच धोती साड़ी का भी वितरण किया गया. साथ ही दर्जनों लाभुकों को

पेंशन आवास सहित अन्य योजना की स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया. मौके पर बीईईओ सुभाष प्रसाद,बाल विवाह उन्मूलन के एफएम भागीरथ सिंह,मधुबन पंचायत के मुखिया कमलेश्वर उर्फ बिरजू महतो,पंचायत समिति सदस्य इंदु देवी उपस्थित थी.

अबुआ आवास के लिए आवेदकों की कतार

गोमो। तोपचांची प्रखंड के अंतर्गत रामाकुंडा मध्य बिद्यालय समीप मैदान में 30 नवंबर गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों की भारी भीड़ जुटी. बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी अपनी समस्याओं को लेकर सरकार आपके द्वारा में लगाए गये शिविर में आवेदन दिया. अबुआ आवास के लिए सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं. दोपहर 3:00 बजे तक 800 से अधिक आवेदन काउंटर में प्राप्त हुए . इसके अलावा वृद्धा पेंशन , वन भूमि पट्टा भूमि खाता प्लॉट नम्बर में सुधार,वाहन लोन, राशन कार्ड, जाति ,आवासीय, जन्म मृत्यु, सिंचाई कूप आदि अनेक कल्याणकारी योजनाओं को लेने के लिए ग्रामीणों ने आवेदन जमा किए. कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी फणी श्वर राज वर अंचल अधिकारी संजय कुमार सिंह,मुखिया पूर्णिमा देवी ,मुखिया प्रतिनिधि अमृत रजक ने फीता काट कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.

भत्ता भुगतान में जिला लेखा प्रबंधक की मनमानी

सहिया संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। गिरिडीह

जिला सहिया संघ ने गुरुवार को गिरीडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के आवास पर भेंट कर चार सूत्री मांग पत्र सौंपा. विधायक से मिलने गए प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें जानकारी दी कि विभिन्न श्रेणी में मिलने वाले भत्ता भुगतान में जिला लेखा प्रबंधक मनमानी कर रहे हैं. कहा गया कि सिविल सर्जन के निर्देश के बाद भी प्रबंधक टालमटोल कर रहे हैं. बताया गया कि अर्बन सहिया को सिर्फ 2000 प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जा रहा है.

इंसेंटिव का भुगतान नहीं किया जाता. कोरोना काल में हम लोगों की कई प्रकार की भूमिका रही, पर इसके लिए इनाम की बजाय प्रताड़ना दी जा रही है. विधायक को दिए गए मांग पत्र में सहिया साथी, बीटीटी एसटी का प्रशिक्षण में मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान अभिलंब किया जाए, स्वास्थ्य प्रहरी कार्यक्रम के तहत गोल्डन, सिल्वर व ब्राउन प्रोत्साहन राशि जो पिछले 2 साल से बकाया है का भुगतान, कार्य प्रगति के लिए इंसेंटिव का भुगतान तथा नई चयनित सहिया को अविलंब कोड उपलब्ध करा कर तत्काल भुगतान की मांग शामिल है.

खास बातें

- सहिया को सिर्फ दो हजार रु. प्रोत्साहन राशि
- अच्छे काम के बावजूद इनाम की जगह प्रताड़ना

जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक में दिया निर्देश

अवैध खनन के खिलाफ अभियान का निर्देश

संवाददाता। बोकारो

बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक की. उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को अवैध खनन व परिवहन करने वालों के खिलाफ सघन अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया. कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. सबों का दायित्व है कि अपने-अपने क्षेत्र में देखें कि कहां क्या हो रहा है. अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, एसडीओ, एसडीपीओ समन्वय बनाकर अवैध खनन पर रोक लगाएं और दोषियों पर कठोर कार्रवाई करें.

उन्होंने चास व बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी को खनन टास्क फोर्स की नियमित बैठक कर उसकी रिपोर्ट जिला को समर्पित करने का निर्देश दिया. इससे पूर्व चास एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों और उनके अनुपालन की समीक्षा की. चास एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, बेरमो एसडीओ अनंत कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, सभी सीओ व अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

गिरिडीह | झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी की बैठक में तय हुई कार्यक्रम की रुपरेखा

पीरटांड़ की बजाय गिरिडीह में होगा सीएम का मुख्य समारोह

संवाददाता। गिरिडीह

पीरटाड़ में मुख्यमंत्री के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का स्थल बदल दिया गया है. गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया. बैठक की अध्यक्षता कर रहे पार्टी जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का स्थल में बदलाव किया गया है. पूर्व में यह पीरटाड़ में होना था. पर कार्यक्रम स्थल में बदलाव करते हुए मुख्य समारोह अब झंडा मैदान में किया जाएगा. बताया गया कि 12:00 बजे दोपहर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का झंडा मैदान में समारोह होगा. जहां लाभुकों के बीच चेक व संपत्ति वितरण किया जाएगा. समारोह की तैयारी को लेकर संपन्न बैठक में पंचायत से लेकर प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे.

मुख्य समारोह के बाद गिरिडीह कॉलेज परिसर स्थित परीक्षा भवन में मुख्यमंत्री पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सीधी संवाद करेंगे. जिसमें गिरिडीह सहित धनबाद, कोडरमा व बोकारो के जिला स्तरीय सहित पंचायत व प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता शामिल होंगे. सिंह ने बताया कि बैठक में 1200 के करीब पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे. नगर भवन की क्षमता कम होने के कारण गिरिडीह कॉलेज परिसर में बैठक करने का निर्णय लिया गया है.

बैठक के बाद गिरीडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी की टीम स्थल का जायजा लिया. जिला अध्यक्ष ने बताया कि गुरुवार की बैठक में शहर में सीएम के स्वागत को लेकर किन-किन स्थानों पर तोरण द्वार बनाए जाएंगे, इस बात पर चर्चा की गई. उन्होंने कहा कि पंचायत व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी को ज्यादा से ज्यादा भीड़ इकट्ठा करने का टास्क दिया गया है.

खास बातें

- गिरिडीह कॉलेज परिसर में कार्यकर्ताओं से सीधी बात
- सीएम के स्वागत को लेकर बनाए जाएंगे तोरण द्वार

प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत,विधायक ने ढांढस बंधाया

संवाददाता। सरिया (गिरिडीह)

सरिया थाना क्षेत्र के ऊर्रो निवासी प्रवासी मजदूर राहुल यादव की मौत महाराष्ट्र के मालेगांव में वज्रपात के चपेट में आ जाने के कारण हो गयी है, जिसकी सूचना पाकर बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह गुरुवार को मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की. मुलाकात के दौरान परिजनों से घटना की विस्तृत जानकारी लेते हुए शोक संवेदना व्यक्त की. वहीं आश्रितों को मुआवजा दिलवाने का आश्वाशन दिया है. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा प्रवासी मजदूरों की मौत पर उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक आवास तक लाने के लिए पच्चास हजार रुपया का सहायता राशि मिलता है. जिसके तहत दो दिन पूर्व ही भाकपा माले की टीम के द्वारा मृतक राहुल यादव के घर पर पहुंच कर इसकी सारी कागजी प्रक्रिया पुरी कर दी गयी थी. ये राशि सीधा मृतक के आश्रित के बैंक खाते में जमा हो जाएगी. साथ ही मृतक के आश्रित को एक लाख रुपया मुआवजा राशि झारखंड सरकार से व वज्रपात से मृत्यु के पश्चात जो भी प्रावधान महाराष्ट्र सरकार के अधीनस्थ होगा वो भी हम दिलवाने की हर संभव प्रयास करेंगे.

खास बातें

- वज्रपात के कारण हुई मजदूर राहुल यादव की मौत
- विधायक का आश्रितों को मुआवजे का आश्वासन

एक दिसंबर विश्व एड्स दिवस पर विशेष : सूबे के जेल में बंद 15 कैदी भी संक्रमित

इस साल झारखंड में मिले 975 एचआईवी पॉजिटिव

संवाददाता। रांची

एड्स दिवस हर साल 1 दिसंबर को मनाया जाता है. एचआईवी संक्रमित लोगों के लिए सपोर्ट दिखाने और एड्स रोगियों को साहस देने के लिए हर साल इसे एक विशेष थीम भी दिया जाता है. वर्ष 2023 का थीम 'लेट कम्युनिटी लीड' है. बता दें कि झारखंड में एड्स के ज्यादा मामले वैसे जिलों में हैं, जहां पर प्रवासी मजदूर हैं और उन जिलों से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं. इसे ध्यान में रखते हुए उन जगहों पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. वहीं

एलिमिनेशन ऑफ पैरेंट टू चाइल्ड ट्रांसमिशन ऑफ एचआईवी कार्यक्रम के तहत एचआईवी संक्रमित माता-पिता से 83 बच्चों को एड्स संक्रमित होने से बचाया गया है.

खास बातें

- वर्ष 2023 का थीम 'लेट कम्युनिटी लीड' है
- एचआईवी को लेकर राज्य में विभाग रहता है अलर्ट

जेलों में की गयी एचआईवी जांच : राज्य के विभिन्न जेलों में बंद 18,540 कैदियों की भी एचआईवी जांच की गयी, जिनमें से 15 कैदी एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं. वहीं 25, 433 उच्च जोखिम वाले लोगों की एचआईवी जांच की गई, जिनमें से 10 लोग एचआईवी पॉजिटिव पाए गए. बेहतर इलाज एवं निःशुल्क दवा के लिए एआरटी केंद्र से जोड़ा गया है.

झारखंड में एड्स के मरीजों की संख्या 15,326

गौरतलब है कि झारखंड में एड्स के मरीजों की संख्या 15,326 है. इनमें से 9,612 के पास राशन कार्ड, 7,215 के पास आयुष्मान कार्ड है और 7,660 को पेंशन मिल रही है. इसके अलावा 175 एचआईवी संक्रमित एवं प्रभावित बच्चों को महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग की ओर से एकीकृत बाल संरक्षण योजना के तहत चार हजार मासिक अनुदान दिया जा रहा है, ताकि बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाया जा सके. राज्य में इस वित्तीय वर्ष में अब तक 6,22,140 की एचआईवी जांच की गई. इनमें से 975 लोग एचआईवी संक्रमित पाए गए हैं.

किशन को शहादत के 8 साल बाद मिलेगा पदक

जमशेदपुर। बीएसएफ के शहीद जवान कीताडीह निवासी किशन कुमार दुबे को मरणोपरांत वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जायेगा. शुक्रवार को यह सम्मान हजारीबाग के बीएसएफ के प्रशिक्षण केन्द्र सह विद्यालय में अलंकरण समारोह में गृह मंत्री अमित शाह उनकी मां जगमाया देवी को प्रदान करेंगे. इसका पत्र कीताडीह निवासी स्व. किशन की मां को बीएसएफ के 119 बटालियन के कमांडेंट सूरज सिंह ने भेजा है. पत्र में उन्हें 28 नवंबर को ही हजारीबाग पहुंचने के लिए कहा गया था. लेकिन देर से पत्र मिलने सेजगमाया देवी गुरुवार को हजारीबाग रवाना हुईं. किशन दुबे की मौत 9 जुलाई, 2015 में कूपवाड़ा में मुठभेड़ के दौरान हुई थी.

आओ जानें

एक दिसंबर का इतिहास

- 1761 : मैरी तुसाद, फ्रांसीसी मॉडलर और कलाकार, का जन्म, जिन्होंने लंदन में मैडम तुसाद वैक्स संग्रहालय की स्थापना की
- 1913 : फोर्ड मोटर कंपनी ने मॉडल टी फोर्ड के लिए दुनिया की पहली चलती असेंबली लाइन की शुरुआत की. 1934 : लेनिनग्राद के मेयर सर्गेई किरोव की हत्या कर दी गई.
- 1953 : ह्यू हेफनर ने प्लेबॉय पत्रिका का पहला संस्करण प्रकाशित किया, जिसमें हॉलीवुड आइकन मर्लिन मुनरो शामिल थीं.
- 1954 : मेधा पाटकर का जन्म, जो भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता, जो नर्मदा बचाओ आंदोलन के लिए जानी जाती हैं.
- 1955 : उदित नारायण का जन्म, जिन्होंने अपनी विशिष्ट गायन आवाज से 1980 और 90 के दशक की हिंदी फिल्मों पर राज किया
- 1988 : बेनजीर भुट्टो को पाकिस्तान का प्रधानमंत्री नामित किया गया, जो मुस्लिम-बहुल देश की पहली महिला नेता बनीं.
- 1980 : भारतीय क्रिकेटर से राजनेता बने मोहम्मद कैफ का जन्म, अपने मध्यक्रम बल्लेबाजी कौशल के लिए जाने जाते हैं.
- 1988 : संयुक्त राष्ट्र द्वारा दुनिया भर में विश्व एड्स दिवस की घोषणा की गई.
- 1997 : रणवीर सेना ने बारा नरसंहार के प्रतिशोध में बिहार में 58 अनुसूचित जाति के लोगों की हत्या कर दी.
- 2014 : द हॉबिट: बैटल ऑफ द फाइव आर्मीज़, पीटर जैक्सन की द हॉबिट त्रयी की तीसरी और अंतिम फिल्म, का प्रीमियर लंदन में हुआ.

रांची-कामाख्या और चंबल एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनें शामिल

कोहरे ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार फरवरी तक रद्द रहेंगी कई ट्रेनें

खास बातें

- तीन महीने तक लाखों यात्रियों को होगी परेशानी
- कुहासे के कारण ट्रेन परिचालन में आएगी परेशानी

संवाददाता। धनबाद

ठंड की दस्तक और उत्तर भारत में कोहरे ने धनबाद व गोमो से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों की रफ्तार रोक दी है. रेलवे सूत्रों के अनुसार दिसंबर से फरवरी तक अलग-अलग तिथियों को कई ट्रेनें रद्द रहेंगी. जिसमें रांची-कामाख्या और चंबल एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनें शामिल हैं. तीन महीने तक लाखों यात्रियों को काफी परेशानी होगी.

रद्द की गई ट्रेनें

ट्रेन नंबर	ट्रेन का नाम	तिथि
18103	टाटानगर-अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस	04.12.23 से 28.02.24
18104	अमृतसर-टाटानगर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस	06.12.23 से 01.03.24
12873	हटिया-आनंद विहार झारखंड एक्सप्रेस	04.12.23 से 29.02.24
12874	आनंद विहार-हटिया झारखंड एक्सप्रेस	05.12.23 से 01.03.24
22857	संतरागाछी-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस	04.12.23 से 26.02.24
22858	आनंद विहार-संतरागाछी सुपरफास्ट एक्सप्रेस	05.12.23 से 27.02.24
15662	कामाख्या-रांची एक्सप्रेस	05.12.23 से 27.02.24
15661	रांची-कामाख्या एक्सप्रेस	06.12.23 से 28.02.24
12988	अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस	दिसंबर में 02, 05, 07, 09, 12, 14, 16, 19, 21, 23, 26, 28, 30. जनवरी में 02, 04, 06, 09, 11, 13, 16, 18, 20, 23, 25, 27, 30 और फरवरी में 01, 03, 06, 08, 10, 13, 15, 17, 20, 22, 24, 27, 29.
12987	सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस	दिसंबर में 03, 06, 08, 10, 13, 15, 17, 20, 22, 24, 27, 29, 31. जनवरी में 03, 05, 07, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28, 31, फरवरी में 02, 04, 07, 09, 11,

आगरा से मथुरा तक जो ट्रेनें रद्द रहेंगी

ट्रेन नंबर	ट्रेन का नाम	तिथि
12177	हावड़ा-मथुरा चंबल एक्सप्रेस	01.12.23 से 23.02.24
12178	मथुरा-हावड़ा चंबल एक्सप्रेस	04.12.23 से 26.02.24

आईआईटी में असिस्टेंट माइन सर्वेयर कोर्स की हुई शुरुआत

संवाददाता। धनबाद

आईआईटी-आईएसएम में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 16 सप्ताह का असिस्टेंट माइन सर्वेयर कोर्स की शुरुआत हुई. कोर्स में 90 युवा भाग ले रहे हैं. कार्यक्रम का उद्घाटन गोल्डन जुबली लेक्चर थियेटर में संस्थान के निदेशक प्रो जेके पटनायक व अन्य ने किया. इसमें ऑनलाइन माध्यम से राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र पायल ने भाग लिया. निदेशक ने बताया कि बेरोजगार युवाओं को स्किल्ड बनाने के लिए यह कार्यक्रम शुरू किया गया है. इसके लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के द्वारा खान सर्वेक्षक पाठ्यक्रम के लिए आईआईटी-आइएसएम को नोडल केंद्र के रूप में चुना गया है.

युवाओं को रोजगार ढूंढ़ने में नहीं होगी परेशानी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुरली कृष्ण रमैया ने सभी युवाओं को पाठ्यक्रम से पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि धनबाद कोयला खनन का केंद्र है इसलिए प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को रोजगार ढूंढने में ज्यादा परेशानी नहीं होगी बीसीसीएल के निदेशक पर्सनल मुरली कृष्ण रामलाह ने पूर्व प्रशिक्षित 59 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया. जबकि 29 शिक्षकों को सम्मानित किया गया. युवाओं को समन्वयक प्रो सुनील कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया जाएगा. समारोह में प्रो धीरज कुमार, प्रो पीएस पाल भी मौजूद रहे.

बेरमो के अनूप बने सर्वश्रेष्ठ मानवाधिकार कार्यकर्ता

संवाददाता। बेरमो

नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो (एनएचआरसीसीबी) की ओर से नई दिल्ली में आयोजित समारोह में बेरमो के अनूप कुमार को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कार्यकर्ता का पुरस्कार दिया गया. उनकी इस उपलब्धि पर बेरमो सहित जिले के विभिन्न संगठनों ने उन्हें बधाई दी है. बेरमो तेली साहू समाज व जरीडीह बाजार के महासचिव बिनोद कुमार साहू, उप सचिव अजय कुमार साव, दिलीप साव, गोविंदा साव, सोनू साव, निकेश साव, पंकज साव, रवि साव, सुनील साव, प्रकाश साव एवं समाज के अन्य वर्गों के लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है. कहा कि यह सिर्फ साहू समाज ही नहीं, बल्कि समस्त समाज के लिए गर्व की बात है. ज्ञात हो कि अनूप कुमार पिछले चार वर्षों से लगातार मानवाधिकार के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं. इसके लिए उन्हें प्रति वर्ष सम्मानित भी किया जाता रहा है. इस अवसर अनूप कुमार ने कहा कि समाज सेवा व जनहित के कार्यों में उनकी रुचि बचपन से रही है.

कॅरियर-काउंसिलिंग

फोटोग्राफी से भी मिलेगा जॉब

बैचलर-मास्टर डिग्री कोर्स कर संवार सकते हैं कॅरियर

एजुकेशन रिपोर्टर। रांची - फोटोग्राफी एक ऐसा प्रोफेशनल है, जिसमें काम तस्वीरें खींचनी होती है. कुछ लोगों को फोटो खींचने का शौक बचपन से ही होता है, लेकिन अगर कोई इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाने को इच्छुक हों तो तब उन्हें इससे संबंधित कोई कोर्स करना जरूरी है, जिससे कि वह अपना काम अच्छे तरीके से कर सकें. जानकारी के लिए बता दें कि फोटोग्राफर फोटो खींचने के लिए विभिन्न तरह के कैमरे व उपकरणों का प्रयोग करते हैं ताकि किसी भी ऑब्जेक्ट या व्यक्ति की तस्वीर बेहतरीन तरीके से ली जा सके.

फोटोग्राफी के प्रकार

- लैडस्केप फोटोग्राफी
- वन्यजीव फोटोग्राफी
- पोर्ट्रेट फोटोग्राफी
- फूड फोटोग्राफी
- शादी की फोटोग्राफी
- फैशन फोटोग्राफी
- साइंटिफिक/इंडस्ट्रियल फोटोग्राफी
- इवेंट फोटोग्राफी
- मेक्रो फोटोग्राफी
- अंडरवाटर फोटोग्राफी
- एस्ट्रो फोटोग्राफी
- एरियल फोटोग्राफी
- स्पोर्ट्स/एक्शन फोटोग्राफी
- स्ट्रीट फ़ोटोग्राफ़ी
- आर्किटेक्चरल फोटोग्राफी
- एब्स्ट्रैक्ट फोटोग्राफी
- केंडिड फोटोग्राफी
- फोर्स्ड पर्सपेक्टिव फोटोग्राफी
- एचडीआर फ़ोटोग्राफ़ी
- लॉन्ग एक्सपोजर फोटोग्राफी
- मोबाइल फोटोग्राफी
- टिल्ट शिफ्ट फोटोग्राफी
- ट्रैवल फोटोग्राफी
- फोटोजर्नलिज्म
- स्टॉक फोटोग्राफी
- वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी

फोटोग्राफी में स्पेशलाइजेशन

- ट्रैवल फोटोग्राफी
- फैशन फोटोग्राफी
- वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी
- वेडिंग/इवेंट फोटोग्राफ
- प्रोडक्ट फोटोग्राफी
- फोटो जर्नलिज्म
- साइंटिफिक फोटोग्राफी
- स्पोर्ट फोटोग्राफी
- आर्किटेक्चरल फोटोग्राफी
- एरियल फोटोग्राफी

अच्छे फोटोग्राफर बनने के गुण

फोटोग्राफी के क्षेत्र में काफी पेशेंस रखने की आवश्यकता होती है, क्योंकि इस क्षेत्र में आप अपने मन के मुताबिक कार्य नहीं कर सकते. इस क्षेत्र में आने के बाद आपको कई बार भयंकर जंगल में भी फोटोग्राफी करनी पड़ सकती है. आपको फोटोग्राफी के नए-नए टूल्स और लेंसों से खुद को अवेयर रखना होता है. फोटो कैप्चर करने के लिए सही एंगल का चुनाव भी बेहद जरूरी है. अच्छी फोटो के लिए इंतजार भी एक इस फील्ड में नाम कमाने का अहम हिस्सा है, जो एक दिन से लेकर सालों का हो सकता है. एक अच्छे व वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर के लिए जरूरी है कि वह प्रकृति की सुंदरता की सही प्रकार से पहचान कर सकें.

कॅरियर

- फिल्म प्रोडक्शन हाउस
- एडवरटाइजिंग एजेंसीज
- इंडस्ट्रियल एंड मेडिकल इंस्टिट्यूट
- प्रोफेशन फोटो स्टूडियो
- एनजीओ
- स्पोर्ट्स
- टीवी एंड न्यूज चैनल
- न्यूज पेपर एंड मैगजीन
- फैशन शो एंड ब्यूटीक्वेस
- इवेंट मैनेजमेंट आर्गेनाइजेशन

लोकप्रिय फोटोग्राफी कोर्सेज

फोटोग्राफी में करियर बनाने के लिए आपको नई टेक्निक्स और इक्विपमेंट के बारे में जानना बेहद जरूरी है. दुनिया भर की विभिन्न यूनिवर्सिटीज और कॉलेज, फोटोग्राफी के अंतर्गत कई कोर्सेज उपलब्ध करते हैं. फोटोग्राफर बनने के लिए आप हाई स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद फिल्म प्रोडक्शन, जर्नलिज्म या विज़ुअल कम्युनिकेशन आदि में डिग्री हासिल कर सकते हैं. अगर आप ग्रेजुएशन के बाद शॉर्ट टर्म कोर्सेज तलाश रहे हैं, तो आप डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्सेज कर सकते हैं. जो 3 महीने से 1 साल तक की अवधि के हो सकते हैं. कुछ लोकप्रिय फोटोग्राफी कोर्सेज की लिस्ट नीचे दी गयी है.

- डिप्लोमा इन फोटोग्राफी
- एसोसिएट डिग्री इन फोटोग्राफी
- डिप्लोमा इन प्रोफेशनल फोटोग्राफी
- बैचलर इन फोटोग्राफी
- बीए ऑनर्स इन फैशन फोटोग्राफी
- बीए ऑनर्स इन फोटोग्राफी
- डिप्लोमा इन कैमरा एंड लाइटिंग टेक्निकल
- बीए विजुअल आर्ट एंड फोटोग्राफी
- एमएफए इन फोटोग्राफी
- फाउंडेशन कोर्स इन वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी
- इंट्रोडक्ट्री कोर्स इन वेडिंग फोटोग्राफी
- प्रोफेशनल डिप्लोमा इन आर्ट फोटोग्राफी

फोटोग्राफी के लिए दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटीज

- रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट, यूनाइटेड किंगडम
- मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, संयुक्त राज्य अमेरिका
- रोड्स आइलैंड स्कूल ऑफ डिजाइन, यूनाइटेड स्टेट्स
- पार्सन्स स्कूल ऑफ डिजाइन, संयुक्त राज्य अमेरिका
- यूनिवर्सिटी ऑफ द आर्ट्स लंदन, यूनाइटेड किंगडम
- प्रैट इंस्टिट्यूट, संयुक्त राज्य अमेरिका
- स्कूल ऑफ द आर्ट इंस्टिट्यूट ऑफ शिकागो, संयुक्त राज्य अमेरिका
- स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका
- येल विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका
- पॉलिटेक्निक ऑफ मिलान, इटली

भारत में फोटोग्राफी की पढ़ाई लिए टॉप कॉलेज

- दिल्ली कॉलेज ऑफ फोटोग्राफी (नयी दिल्ली)
- द लाइट एंड लाइफ एकेडमी (ऊंटी)
- कॉलेज ऑफ आर्ट यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली (नयी दिल्ली)
- मास कम्युनिकेशन रिसर्च सेंटर, जामिया मिलिया इस्लामिया (नयी दिल्ली)
- एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन (नोएडा)
- आईआईपी अकादमी, दिल्ली
- केस अकादमी ऑफ फोटोग्राफिक आर्ट्स, तमिलनाडु
- विजुअल आर्ट्स फैकल्टी बीएचयू

जानिए... भारत के विश्वविद्यालयों में आवेदन करने की क्या प्रक्रिया है

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

एम्प्लॉयमेंट सेक्टर्स

- न्यूजपेपर्स
- मैगजींस
- एडवरटाइजिंग एजेंसीज
- स्टूडियोज
- प्रेस एंड पब्लिशिंग हाउसेस
- एनजीओ इंडस्ट्रीज
- मेडिकल इंस्टीट्यूट्स
- इवेंट मैनेजमेंट आर्गेनाइजेशन
- फ्रीलांसर्स

टॉप रिक्रूटिंग

- विजुसाह
- फोटोग्राफर्स डायरेक्ट
- फ्रीलेंस इंडिया
- बेस्ट इंडिया साइट
- क्लिक इंडिया

फोटोग्राफी टिप्स

नजदीक खड़े हों : प्रसिद्ध फोटो जर्नलिस्ट रॉबर्ट कैपा का कहना है कि यदि आपकी तस्वीर पर्याप्त रूप से अच्छी नहीं आ रही है तो इसका अर्थ है कि आप अपने ऑब्जेक्ट के नज़दीक आके क्लिक करें. बेहतर फोटोग्राफी करने के लिए आप अपने ऑब्जेक्ट के थोड़ा और करीब जाकर फोटो खीचें, इससे आपकी फोटो बहुत ही बेहतर आएगी क्योंकि, इससे फोटो फ्रेम में खाली स्थान भर जाता है, जिससे फोटो भी क्लियर आने लगती है.

ट्राइपॉड अपनाएं : बेहतर फोटोग्राफर बनने के लिए आपको ट्राइपॉड के साथ इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि, इससे आप की फोटो पुरे फोकस के साथ बहुत ही अच्छी दिखाई देगी. इसके अलावा इसमें अपने फ़ोन के साथ कैमरा लेंस का भी प्रयोग किया जा सकता है.

रोजाना अभ्यास करते रहें : यदि आप बहुत ही अच्छी फोटोग्राफी करना चाहते हैं, तो इसके लिए आप रोजाना फोटोग्राफी का अभ्यास करते रहें.

फोटोग्राफी में एलिमेंट से दूर रहें : फोटोग्राफी करते समय बहुत सारे एलिमेंट लाये जाने का तरीका होता है, लेकिन आप अपने फोटोग्राफ में एलिमेंट बिलकुल भी न लाएं, क्योंकि यदि आप ऐसा करते है, तो आपका फोटोग्राफ बहुत अधिक भरा हुआ दिखाई देने लगेगा, .

कई तरह की फोटो खींचे : आप जब भी फोटोग्राफी करें, तो अच्छा फोटोग्राफर बनने के लिए इस बात का ख्याल रखें की आप आप अलग-अलग एंगल से फोटो क्लिक करें. इसके लिए आप अपने सामने वाले व्यक्ति को कई ढंग से खड़े होने के लिए बताये और उसकी अलग-अलग तरह की फोटो खींचे क्योंकि ऐसा करने से आपको अपने सारे तरीकों के बारे में जानकारी हो जाएगी.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)